प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे

''मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र शिमला में शुरू–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गिनाई राज्य सरकार की उपलब्धियां।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सरकार के पास दो साल बाद भी बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रख रही राज्य सरकार।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने चंबा ज़िला की दुर्गम पांगी घाटी में सुरंग निर्माण की केन्द्र से की मांग।

राज्यपाल अभिभाषण

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। 28 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में कुल 16 बैठकें होंगी। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए अनके कदम उठाए हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाद्दाता।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला में शुरू हुए प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। राज्यपाल ने अपने एक घंटे 27 मिनट के अभिभाषण में कहा कि उनकी सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई 10 में से छह गारंटियों को पूरा कर लिया है। इनमें एक लाख 36 हजार एनपीएस कर्मचारियों को ओपीएस में लाना, पात्र महिलाओं को चरणबद्ध ढंग से 15 सौ रुपए की सम्मान राशि प्रदान करना, सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई, गाय और भैंस के दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी, गोबर की खरीद शुरू करना और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए 6 सौ 80 करोड़ रुपए का राजीव गांधी स्टार्टअप फंड शुरू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि दुर्गम पहाड़ी प्रदेश होने के कारण हिमाचल के पास आय के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। ऐसे में राज्य की निर्भरता केंद्रीय अनुदानों पर बहुत अधिक है। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने दिसंबर 2024 तक राज्य कर व आबकारी विभाग के माध्यम से 8 हजार 3 सौ 38 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र किया है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11 दशमलव सात–नौ फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़–बद्दी रेललाइन का कार्य मार्च 2027 और भानुपल्ली–बिलासपुर–बेरी रेललाइन का कार्य दिसंबर 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि तमाम आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हिमाचल आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि उनकी सरकार ने मनरेगा के तहत 2 करोड़ 96 लाख 64 हजार कार्यदिवस सृजित कर 6 लाख 36 हजार परिवारों को रोजगार प्रदान किया और इसमें से 64 फीसदी रोजगार महिलाओं को दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि उनकी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 14 करोड़ रुपए, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 83 लाख रुपए नकद पुरस्कार के रूप में बांटे हैं। राज्यपाल ने प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अपना औपचारिक अभिभाषण शुरू करने से पहले प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान को व्यापक रूप से अपनाने के लिए सरकार और सदन का आभार जताया।

नेता प्रतिपक्ष

विधानसभा सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार के पास दो साल के कार्यकाल के बाद भी बताने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए सरकार राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से झूठ बोल रही है। जयराम ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार के पास केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के साथ–साथ पूर्व भाजपा सरकार द्वारा किए गए काम के अलावा अपनी कोई भी उपलब्धि बताने के लिए नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट अभिभाषण में झूठे दावे किए गए हैं।

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्यपाल के बजट अभिभाषण में सरकार द्वारा किए गए नीतिगत बदलावों को प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक दुर्दशा के लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश पर 75 हजार करोड़ रूपए का कर्ज और 10 हजार करोड़ की देनदारियां छोड कर गई थी।

विधायक दल

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज सुबह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा अगर सदन में बैठकर चर्चा करने के लिए तैयार है तो सरकार भी सत्र का समय बढाने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा गुटों में बंटी हुई है।

वहीं भाजपा विधायक व पार्टी प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने बताया कि बजट सत्र में प्रदेश सरकार की नाकामियों, जनविरोधी निर्णयों व भ्रष्टाचार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था व नशा भी एक बड़ा मुद्दा है जिसे लेकर सरकार को घेरा जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रख रही है। वे आज शिमला के चौड़ा मैदान स्थित राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक फैसले ले रही है और आने वाले समय में भी इसी दिशा में कदम उठाए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार अगले शैक्षणिक सत्र से जिला मुख्यालयों पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में को–एजुकेशन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं और अगले सत्र से दस ऐसे स्कूल कार्य करना शुरू कर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा, जिसके लिए राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

सिकंदर

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से चंबा जिला की दुर्गम पांगी घाटी में सुरंग निर्माण की मांग की है। राज्यसभा में आज ये मामला उठाते हुए उन्होंने कहा कि पांगी घाटी जिले का दुर्गम क्षेत्र है और यहां सड़कों की स्थिति ठीक न होने के कारण लोगों को चंबा जिला मुख्यालय पहुंचने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सिकंदर कुमार ने बताया कि पांगी से चंबा पहुंचने के लिए 14 हजार पांच सौ फुट की ऊंचाई पर स्थित साच–पास को पार करना पड़ता है और अत्याधिक बर्फबारी के कारण ये मार्ग साल में लगभग पांच महीने ही खुला रहता है। उन्होंने कहा कि अगर चैहणी जोत से सुरंग निर्माण कर पांगी को जिला मुख्यालय से जोड़ा जाएगा तो घाटी के लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में 12 से 16 मार्च तक बर्फबारी व वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तापमान सामान्य से 3 से पांच डिग्री सैल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च महीने में अभी तक सामान्य से 44 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

पखवाड़ा

चंबा जिला में 14 से 27 मार्च तक सघन डायरिया व निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज चंबा में एक समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि इस दौरान 5 वर्ष तक की आयु वर्ग के करीब 53 हजार 7 सौ बच्चों को ओआरएस व जिंक की दवा वितरित की जाएगी। मुकेश रेपसवाल ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों और पंचायतीराज संस्थाओं से ग्रामीण स्तर पर जानकारी व जागरूकता को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र शिमला में शुरू–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गिनाई राज्य सरकार की उपलब्धियां।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सरकार के पास दो साल बाद भी बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रख रही राज्य सरकार।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने चंबा ज़िला की दुर्गम पांगी घाटी में सुरंग निर्माण की केन्द्र से की मांग।